विकास की घोषणाओं के लिए सी.एम. का आभार जताया

राजसमंद, (निसं)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने वित्त विधेयक पर चर्चा में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अटल प्रगति पथ निर्माण, सापोल से आत्मा सड़क निर्माण के लिए 3 करोड रुपये, जेके स्कूल से भट्टखेड़ा सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपयों की घोषणा की है। खाद्य सुरक्षा में चयनित एवं राशन कार्ड से गेहूं प्राप्त करने वाले लाभार्थी परिवारों को 450 रुपयों में गैस सिलिंडर उपलब्ध करवाने की घोषणा भाजपा का महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता दिखाता है। ई-बसों की खरीद से शहरों में सार्वजनिक परिवहन सेवा का विस्तार होगा। विधायक दीप्ति ने कहा कि गांधी वाटिका न्यास का गठन अत्यंत दोषपूर्ण था। यह सरकारी धन से बनाई गई वाटिका और सरकारी भूमि पर कुछ व्यक्तियों को एकाधिकार देने का प्रयास किया गया। उपाध्यक्ष को असिमित अधिकार एवं शक्तियां दी गई थी। संस्कृति, कला एवं पुरातत्व विभाग संग्रहलयों का संचालन करता है। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस नेता न्यास के नाम पर भ्रम और झूठ बोल रहे है। कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहते हुए गांधीजी के दर्शन, स्वदेशी, राष्ट्रभाषा, गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के उनके विचारों की पूरी अनदेखी की थी।

हॉस्पिटल को सीज करने के खिलाफ एकजुट हुआ जैन समाज

कलेक्टर और संभागीय आयुक्त को दिया ज्ञापन

उदयपुर (का.सं.)। जीबीएच मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल को सीज करने के आदेश के खिलाफ मंगलवार को जैन समाज,पोरवाल समाज मौन जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। यहां कलेक्टर को ज्ञापन देकर जीबीएच के खिलाफ एक तरफा दबाव में हो रही कार्रवाई तुरंत प्रभाव से रोकने की पूरजोर मांग की।

उल्लेखनीय है कि जीबीएच ग्रुप के बेडवास स्थित मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल की बिल्डिंग को अवैध बताते हुए पिछले दिनों विधानसभा से सीज करने के आदेश जारी हुए थे।इसकी पालना में उदयपुर विकास प्राधिकरण का दल भी आनन.फानन में कार्रवाई करने पहुंचा था। उस समय से चल रहा विरोध के बीच मंगलवार को जैन समाज और उसके संघटक संगठन अपने प्रतिनिधियों के साथ मौन प्रदर्शन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। समग्र जैन समाज,पोरवाल समाज, जैन सोश्यल ग्रुप लेकसिटी, सरूपरिया परिवार संगठन, महावीर सेवा संस्थान आदि संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य जीबीएच हॉस्पिटल पर हो रहे अन्याय के खिलाफ विरोध मौन प्रदर्शन लिखे बैनर लिए कलेक्ट्रेट के बाहर जमा हुए। इसमें खासी संख्या में समाज की महिलाएं भी पहुंची। सभी संगठनों के प्रतिनिधिमंडल पोरवाल समाज के अजय पोरवाल, डॉ.दिनेश कोठारी, कमल वजुवावत, हिम्मत चपलोत, सुंदरलाल डागरिया, महेश पोरवाल, हर्ष मित्र सरूपरिया, आरसी.मेहता, चंचल पोरवाल, मानसिंह पोरवाल, प्रदीप पोरवाल, सूर्यप्रकाश मेहता, सुभाष मेहता, रणधीर नलवाया, रणवीर नैनावटी, सुमतिलाल वेलावत, अनिल हाथी, हिम्मत चपलोत, रमेश किरोट सहित दर्जनों पदाधिकारी की मौजूदगी में कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे। सभी ने पूरजोर हॉस्पिटल को सीज करने के आदेश पर विरोध जताया। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि किसी भी मरीज को परेशानी नहीं होगी और मरीज हित का पूरा ध्यान दिया गया है।यहां से प्रतिनिधि संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंचे जहां अतिरिक्त संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद प्रतिनिधि उदयपुर विकास प्राधिकरण में पहुंचे जहां आयुक्त की अनुपस्थिति में ओएसडी व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान पोरवाल समाज के अजय पोरवाल ने कहा कि हमारे समाज के एनआरआई डॉ. कीर्ति जैन ने उदयपुर में मेडिकल सुविधा के लिए हॉस्पिटल स्थापित किए और कतिपय लोग इस पर आरोप प्रत्यारोप कर रहे। यह कोई होटल, रिसोर्ट नहीं जो जब चाहा सीज कर दिया जाए। यहां जो भी निर्माण हुआ है वह मरीज हित में हुआ है और मरीजों की सेवा की जा रही है।डॉ.दिनेश कोठारी ने कहा कि डॉ. कीर्ति जैन विश्व विख्यात कैंसर रोग विशेषज्ञ है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दर्जनों सम्मान प्राप्त है।

उदयपुर में जीबीएच हॉस्पिटल को सीज करने के खिलाफ जैन समाज ने एकजुट होकर जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया।

कृत्रिम अंग माप शिविर में 1300 दिव्यांगजन शामिल हुए

उदयपुर (का.सं.)। नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में लखनऊ में दिव्यांगजन की सहायतार्थ कृत्रिम अंग एवं कैलीपर माप शिविर संपन्न हुआ। उद्घाटन राज्य के दिव्यांगजन सशक्तिकरण व पिछडा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप व मेयर सुषमा खर्कवाल ने किया। उन्होंने राज्य में दिव्यांगों के हितार्थ संस्थान के हर आयोजन को मदद के लिए आश्वस्त करते हुए घोषणा की कि सरकार दिव्यांगों के लिए रोजगार मेला लगाएगी। प्रारंभ में संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि शिविर में आने वाले 60 फीसदी दिव्यांगों ने सडक दुर्घटनाओं में अपने हाथ-पैर गंवा दिए। इनमें भी 20 प्रतिशत 16 वर्ष से कम आयु के बच्चे व 15 फीसदी महिलाएं थी। शिविर में 130 से अधिक दिव्यांगजन ने भाग लिया।

समारोह आज

उदयपुर, (का.सं.)। राजस्थान साहित्य अकादमी के पुस्तकालय सभागार में बुधवार 31 जुलाई, को प्रात: 11 बजे कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी सचिव डॉ. बसंत सिंह सोलंकी ने बताया कि इस समारोह में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर उनके साहित्यिक अवदान को याद किया जाएगा।

बैंक ऑफ इंडिया BANK OF INDIA BOI Relationship Beyond banking

अतिदेय लॉकर किराये हेतु नोटिस

क्रम सं.	नाम पता	लॉकर संख्या	अतिदेय लॉकर किराया	नोटिस विवरण	कब से अतिदेय है
1.	सुधा सिंह गहलोत जी-29, सेक्टर-5, हिरणमगरी, उदयपुर	15 A	31800.00	14.7.2023 01.12.2023 06.03.2024 07.05.2024 07.06.2024	28.12.2006
2	पदम कुमार सोनी पुत्र रामचन्द्र सोनी, 4-विद्याभवन सोसायटी खरोल कॉलोनी, उदयपुर	51 A	24780.00	14.07.2023 01.12.2023 06.03.2024 07.05.2024 07.06.2024	07.02.2011
3.	बलबीर कौर पत्नी प्रीत पाल कौर, 9, सिख कॉलोनी, एमबी कॉलेज के पास, उदयपुर	32 A	30090.00	14.07.2023 01.12.2023 06.03.2024 07.05.2024 07.06.2024	10.08.2007
4.	पंकज जैन 6, रेजीडेन्सी रोड, उदयपुर	19 A	31860.00	14.07.2023 01.12.2023 06.03.2024 07.05.2024 07.06.2024	18.11.2006
5.	महावीर सिंह आढा पुत्र श्री केसरी सिंह 6/81, न्यू फतहपुरा सुखाडिया सर्कल, उदयपुर	94 A	23010.00	14.07.2023 01.12.2023 06.03.2024 07.05.2024 07.06.2024	16.12.2011
6.	आशा पालीवाल पत्नी दीपक पालीवाल 20, घाणेराव की घाटी, उदयपुर	106 A	21052.00	14.07.2023 01.12.2023 06.03.2024 07.05.2024 07.06.2024	03.08.2014
7.	राखी हेमनानी पत्नी श्री महेन्द्र 14, भुपालपुरा, उदयपुर	124 A	31860.00	14.07.2023 01.12.2023 06.03.2024 07.05.2024 07.06.2024	22.11.2006
8.	मदन सिंह भाटी पुत्र श्री किशोर सिंह भाटी दाकावत भवन, प्रितमपुरा, उदयपुर	229 A	33630.00	14.07.2023 01.12.2023 06.03.2024 07.05.2024 07.06.2024	10.07.2005
9.	रवि शर्मा पुत्र अशोक कुमार शर्मा, 2 जे 4, हिरणमगरी, सेक्टर-5, उदयपुर	280 A	14066.00	14.07.2023 01.12.2023 06.03.2024 07.05.2024 07.06.2024	10.07.2006

उपरोक्त सभी बैंक ऑफ इंडिया, फतेहपुरा रोड शाखा उदयपुर के लॉकर धारक है।हमने बकाया लॉकर किराये के संबंध में विभिन्न सूचनाएं भेजी है जिसकी तिथि कॉलम 5 में उल्लेखित है ।परन्तु बकाये किराये का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है।सभी लॉकर धारको को एक बार फिर सलाह दी जाती है वे कॉलम 4 के अनुसार बकाया किराया इस अधिसूचना के जारी होने के 15 दिन के भीतर जमा करावें, भुगतान न होने की स्थिति में, इस अधिसुचना के जारी होने के 15 दिन के बाद बैंक लॉकर ड्रील से खोलेगा जिसकी पूर्णतः लागत व्यय शुल्क जिम्मेदारी और जोखिम लॉकर धारक की होगी।

बैंक ऑफ इंडिया, फतेहपुरा रोड़ शाखा, उदयपुर

शिक्षा मंत्री ने वृक्षारोपण किया

उदयपुर (का.सं.)। राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के जून माह में राजधानी जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में भागवत आचार्यों से निवेदन किया गया था कि वह अपनी कथा प्रवचनों के दौरान आधिकारिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण स्वच्छता हेतु लोगों को जागृत करने का कार्य करें इसी क्रम में भागवत भूषण पंडित गिरिराज शर्मा शास्त्री जयपुर के द्वारा पीएम श्री राजकीय सीनियर विद्यालय फतह उदयपुर में वृक्षारोपण करके आधिकारिक वृक्ष लगाने का अभियान प्रारंभ किया गया उन्होंने बताया कि पद्म पुराण में वर्णित है की एक पीपल एक नीम एक बरगद एक आवंला एक कपित्थ एक बिल्व 10ईमली और पांच आम के पौधे लगाने वालों को नरक नहीं देखना पडता उन्होंने आगामी दिवस में उदयपुर में होने वाली कथा के दौरान 11 हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया । इस अवसर पर संस्था प्रधान चेतन पानेरी ने बढते प्रदूषण को वृक्षारोपण कर दूर करने का आ ान किया राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी गोपाल सिंह असोलिया प्रदेश महामंत्री डॉ रंजीत मीणा जिला अध्यक्ष डॉ कमलेश सुथार अणुव्रत संस्था के उदयपुर प्रमुख कुंदन भटेवरा भी उपस्थित रहे।

राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश भर में सत्र 2024-25 के चुनाव कराये जाने के क्रम में उदयपुर जिले की कार्यकारणी के चुनाव संगठन द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक गिरिराज शर्मा प्रदेशाध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री डॉ रनजीत मीणा व प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया के नेत्रत्व में पीएम श्री फतह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुर में संपन्न हुए। जिसमें जिला अध्यक्ष उदयपुर के पद पर डॉ कमलेश सुथार व जिला महामंत्री के पद पर सुबोध जैन के एकल नामांकन होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

सालाना कांट्रैक्टर्स मीट 'जेके शिखर' का आयोजन

उदयपुर (का.सं.)। उदयपुर में रामी रॉयल रिसोर्ट में सोमवार को जेके सुपर सीमेंट की ओर से सालाना कांट्रैक्टर्स मीट 'जेके शिखर' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गुजरात और साउथ राजस्थान के 250 से अधिक कांट्रैक्टर्स के साथ क्लस्टर हेड मार्केटिंग हरेश खुशालानी, हेड सीटीएस शकुन वैद्य, कलस्टर हेड सीटीएस अरविंद जांगीड, ज़ोनल हेड मार्केटिंग अनुराग कौशिक, हेड इंफ्लूयुएंसर विवेक शर्मा, ज़ोनल हेड सीटीएस नितेश गुप्ता, तुषार मोहपात्रा, विदित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

जेके सुपर सीमेंट परिवार पर भरोसा बनाए रखने के लिए 30 से ज़्यादा कांट्रैक्टर्स का उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। भाग लेने वाले कांट्रैक्टर्स में से तीन लकी विनर्स को इलेक्ट्रिक साइकिल भी जीतने का मौक़ा मिला।

टाइगर फेस्टिवल का समापन, कलक्टर ने प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

उदयपुर (का.सं.)। वन विभाग, डब्ल्यू डब्ल्यु एफ इंडिया व ग्रीन पीपल सोसाइटी उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित टाइगर फेस्टिवल का समापन मंगलवार को चेतक सर्कल स्थित वन भवन परिसर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल रहे, जबकि अध्यक्षता मुख्य वन संरक्षक सुनील छिद्री ने की। विशिष्ट अतिथि उप वन संरक्षक अजय चित्तौड़ा, मुकेश सैनी, उप वन संरक्षक व डीसीएफ डब्ल्यूपीओ अशोक महरिया भी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि कलक्टर पोसवाल ने बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम को उपयोगी बताया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। मुख्य वन संरक्षक छिद्री ने बाघ संरक्षण पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान एवं अपने फील्ड एक्सपीरियंस के बारे मे बताया। डीएफओ मुकेश सैनी ने सरिस्का और रणथंभौर टाइगर रिजर्व पर आधारित एक आकर्षक फिल्म की स्क्रीनिंग प्रस्तुत की। एक विशेष खंड में विभिन्न स्कूलों के 20 छात्र-छात्राओं को उनकी टाइगर पर आधारित उत्कृष्ट चित्रकला के लिए सम्मानित किया गया।

बाघ संरक्षण पर डॉ. सतीश कुमार शर्मा का विशेष व्याख्यान हुआ। उप वन संरक्षक देवेंद्र कुमार तिवारी ने इस दो दिवसीय आयोजन के तहत हुई विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। डब्लूयूडब्लूयूएफ इंडिया की ओर से एक स्पोकन वर्ड कॉम्पोज़िशन, 'एक ख़त जज़्बात का।' फिल्म 'किंगडम ऑफ टाइगर्स' की स्क्रीनिंग में बाघ संरक्षण के बारे में बताया। कार्यक्रम मे नेशनल टाईगर कन्जर्वेशन ऑथोरिटी के सदस्य राहुल भटनागर, सेवानिवृत डीएफओ सुहेल मजबूर, प्रताप सिंह चुण्ड़ावत, वीएस राणा, राजेन्द्र सिंह चौहान एवं डॉ.ललिता जोशी एवं प्रसिद्व पर्यावरणविद् एवं वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ सतीश कुमार शर्मा शामिल थे। संचालन अरुण सोनी और एंकर माला कुंदरा ने किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत रोयड़ा,
पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-ग्रा.प./नरेगा/निविदा/2024-25/09 दिनांक-29.07.2024

-: ई निविदा सूचना :-

ग्राम पंचायत रोयड़ा में महानरेगा व अन्य योजनाओं में वर्ष 2024-25में करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 06.08.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. ZUD2425GLRC00372

सरपंच — ग्राम पंचायत रोयड़ा, पंचायत समिति सायरा, जिला- उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत रोयड़ा, पंचायत समिति सायरा, जिला- उदयपुर (राज.)

प्रकृति संरक्षण, ग्रामीण सशक्तिरण, संस्कृति, और खनिज संपन्नता की मिसाल है जावर माइंस

उदयपुर (निसं)। जावर की खदानों में जस्ता, सीसा और चांदी के अयस्कों का विशाल भंडार है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और बैटरी निर्माण से लेकर निर्माण सामग्री उत्पादन तक विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं को खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आर्थिक महत्व के साथ ही जावर माइंस ने विभिन्न सामाजिक पहलों के माध्यम से आसपास के समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

जावर माइंस प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने में धातु एवं खनन खदानों में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। जिसका इतिहास लगभग 750 ईसा पूर्व का है, जो इस क्षेत्र में प्राचीन भारत के शुरुआती नेतृत्व को दर्शाता है। मोचिया, बलरिया, जावरमाला और बरोई नामक चार खदानें, कैप्टिव पावर प्लांट, मिल 1 और मिल 2 के साथ मिलकर जावर माइंस बनाती हैं। पूर्व-औद्योगिक युग एवं स्वतंत्रता के बाद के भारत से लेकर डिजिटल युग तक, जस्ता और सीसा खनन में जावर की विरासत देश की प्रगति को आकार देने में सहायक रही है। महत्वपूर्ण खनिजों के रूप में जस्ता और सीसा, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण हैं।

वेदांता समूह द्वारा हिन्दुस्तान जिंक के अधिकग्रहण के बाद आदिवासी बहुल्य क्षेत्र जावर में जावर माइंस आर्थिक रीढ बन कर उभरा है। जावर माइंस में कार्यरत 85 प्रतिशत कर्मचारी स्थानीय है जिससे उनके जीवन स्तर में अत्यधिक सुधार आया है, आदिवासी क्षेत्र जावर में माइंस से पूर्व आय के स्त्रौत अत्यधिक सिमित थे। जावर माइंस के आस पास के क्षेत्र के कुशल एवं अकुशल लोगो को खदान एवं अन्य कार्यो में रोजगार के साथ ही कंपनी द्वारा सीएसआर परियोजनाओं से भी अभूतपूर्व लाभ हुआ है। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा जावर क्षेत्र में संचालित शिक्षा संबल, ऊंची उडान, सखी परियोजना, समाधान जैसी पहलों के तहत 65 हजार से स्थानिय लोग लाभान्वित हुए है। इसके साथ ही बुनियादी स्तर में सुधार एवं विकास हेतु शैक्षणिक संस्थान, सीसी सडक, श्मशान घाट, सार्वजनिक पुस्तकालयों, शौचालय निर्माण, सामुदायिक हॉल जैसे महत्वूपर्ण कार्य भी स्थनिय समुदाय हेतु किये जा रहे है। दो जिलों उदयपुर एवं सलूंबर की सीमा से सटे जावर माइंस में 13 ग्राम पंचायतों की जनसंख्या करीब 63 हजार है। जावर माइंस क्षेत्र की आर्थिक स्थिरता में महत्वपूर्ण योगदान के साथ ही समुदायिक सशक्तिरण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा इस क्षेत्र में सामुदायिक संपत्ति निर्माण से 16,377 शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग से 1873, स्वास्थ्य, जल और स्वच्छता में 37,600 महिला सशक्तीकरण से 5004 एवं सतत आजीविका से 2500 से अधिक किसान लाभान्वित हुए है। शिक्षा संबल परियोजना से 1,800 से अधिक छात्र जिनमें ज्यादातर पहली पीढी के शिक्षार्थी लाभान्वित हुए।

- **हिन्दुस्तान जिंक की विभिन्न योजनाओं से हुआ क्षेत्र का सर्वागीण विकास**

कार्यालय ग्राम पंचायत सुआवतों का गुडा,
पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-2024-25/11 दिनांक-26.07.2024

-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-

ग्राम पंचायत सुआवतो का गुडा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 05.08.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. ZUD2425GLR00355

सरपंच — ग्राम पंचायत सुआवतो का गुडा,पंचायत समिति सायरा, जिला- उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत सुआवतो का गुडा,पंचायत समिति सायरा, जिला- उदयपुर (राज.)

पुलिस व्यवहार एवं कार्य प्रबंधन विषयक हुआ सेमिनार

आमजन के बीच पुलिस की छवि सुधारने के लिये समुचित प्रयास करने के सुझाव दिये

सेवानिवृत्त आईजीपी आनंदवर्धन शुक्ला ने रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस व्यवहार विषयक सेमीनार का आयोजन किया।

बांसवाड़ा । सेवानिवृत्त आईजीपी आनंदवर्धन शुक्ला ने रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस व्यवहार एवं कार्य प्रबंधन विषयक सेमीनार का आयोजन किया। सेमीनार में पुलिस द्वारा आमजनता के साथ किये जाने वाले व्यवहार में सुधार एवं आमजन के बीच पुलिस की छवि सुधारने के लिये समुचित प्रयास करने के सुझाव दिये गये। सॉफ्ट स्किल्प पर चर्चा करते हुए शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों को अपनी सॉफ्ट स्किल में विभिन्न आयामों को जोडने के गूर बताये। उन्होंने अधिकारी व जवानों में विभिन्न परिस्थितियों में मोटिवेशन बनाये रखने, समस्या समाधान, तकनीकि का उपयोग, तनाप प्रबंधन, समय प्रबंधन, सोशल मीडिया का इष्टतम उपयोग आदि की जानकारी दी। आपसी संवाद के दौरान नेतृत्व के विभिन्न गुणों, संवाद कौशल एवं सॉफ्ट स्किल्स का उपयोग पुलिस प्रशासन को और अधिक मजबूत व कुशल बनाकर छवि सुधारने पर बल दिया।

कार सहित चोर को गिरफ्तार किया

उदयपुर, (निसं)। सूरजपोल थाना पुलिस ने होटल से चोरी गई कार को किशनगढ़ क्षेत्र से बरामद कर चोर को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार जुहापुरा कनोल के पीछे हैप्पी होम आसीसी रोड़ सरखेज गांधीनगर गुजरात निवासी आदिल पुत्र युसुफ भाई को महल वाला रोड़ शाहजहांपुर मेरठ यूपी हाल अहमदाबाद निवासी मुस्तकीम पुत्र यासिन के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि सोमवार तड़के आरोपी मुझे किराये पर कार लेकर उदयपुर आया था, जहां उदियापोल स्थित एक होटल में रूम लेकर विश्राम किया। जाग होने पर मुस्तकिम की तलाश की, नहीं मिला। होटल प्रबंधन से पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी चाबी निकाल कार लेकर फरार हो गया। इस पर उसकी तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस को सूचना दी, जहां किशनगढ़ थानाधिकारी रूपाराम मय टीम ने टोल नाके पर नाकाबंदी के दौरान कार को जब्त कर चालक को दबोच लिया। इसकी सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल राघवेन्द्रसिंह ने उसे उदयपुर लाकर न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमाण्ड लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी मुस्तकिम करीब 20-25 वर्ष से अहमदाबाद में धर्मशाला में रहते हुए फैरी लगाकर सामान बेचने का काम करता था। सोमवार तडके वह कार भाडे पर आदिल को उदयपुर लेकर आया था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। **कार चोरी:** अम्बामाता थाना पुलिस ने इकबाल हुसैन रस्सावाला पुत्र सादिक अली निवासी देवाली अरोड़ा नगर खारोल कॉलोनी फतहपुरा की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ 28 जुलाई को मकान के बाहर खड़ी कार को चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

दीव में राष्ट्रीय कला शिविर का समापन आज

उदयपुर (निसं)। पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) तथा दीव टूरिज्म व बाल भवन बोर्ड द्वारा दीव में आयोजित राष्ट्रीय कला शिविर का समापन बुधवार को किया जाएगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत बडी, पंचायत समिति बड़गांव, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक:- ग्रां.प.ब./2024-25/51 दिनांक:- 30.07.2024

खुली बोली 2024-25

कार्यालय ग्राम पंचायत बडी में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु साफ सफाई एवं कचरा संग्रहण वाहन कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको/फर्मों से खुली बोली आमंत्रित की जाती है। निविदा खोलने की दिनांक 6.8.24 होगी, जिसकी विस्तृत जानकारी SPPP.rajasthan.gov.in पर देखी एवं कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

UBN No.: ZUD2425WSOB00384 एवं ZUD2425WSOB00385

सरपंच — ग्राम पंचायत बड़ी, पं.स. बड़गांव, जिला उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत बड़ी, पं.स. बड़गांव, जिला उदयपुर (राज.)